INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 15	Topic: Answers of Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :-

राजा सुषेण के मन में कुछ प्रश्न थे। जिनके उत्तर की तलाश में वह एक महात्मा के पास पहुँचे। महात्मा ने कहा, “अभी मेरे पास समय नहीं है। मुझे अपनी वाटिका बनानी है।” राजा भी उसकी मदद करने में जुट गए। एक घायल आदमी भागता-भागता आया और गिरकर बेहोश हो गया। महात्मा जी ने उसके घाव पर दवाई लगाई। राजा भी उसकी सेवा में लग गए। जब आदमी होश में आया तो राजा को देखकर चौंक पड़ा तथा राजा से क्षमा माँगने लगा।

जब राजा ने इसका कारण पूछा तो उसने बताया कि वह राजा को मारने के इरादे से निकला था, लेकिन सैनिकों ने उसे पहचान लिया और उस पर हमला कर दिया। वह किसी तरह जान बचाकर भागता हुआ इधर पहुँचा है। महात्मा जी के कहने पर राजा ने उसे क्षमा कर दिया। लेकिन तब राजा ने महात्मा से प्रश्न किया, “मेरे तीन प्रश्न हैं। - राजा का पहला प्रश्न था- सबसे उत्तम समय कौन- सा है?, उसका दूसरा प्रश्न था- सबसे बढ़िया काम कौन- सा है ?और उसका तीसरा प्रश्न था- सबसे अच्छा व्यक्ति कौनहै?’महात्मा बोले, ‘हे राजन,इन तीनों प्रश्नों के उत्तर तो तुमने पा लिए हैं। फिर भी सुनो, सबसे उत्तम समय है वर्तमान। आज तुमने वर्तमान समय का सदुपयोग करते हुए मेरे काम में हाथ बँटाया और वापस जाने को टाला, जिससे तुम बच गए, नहीं तो वह व्यक्ति तुम्हारी जान ले सकता था। और जो सामने आ जाए, वही सबसे बढ़िया काम है। आज तुम्हारे सामने बगीचे का कार्य आया और तुम उसमें लग गए । वर्तमान समय का सदुपयोग किया। इसी काम ने तुम्हें दुर्घटना से बचाया और बढ़िया व्यक्ति वह है जो सामने हो। उस व्यक्ति के लिए अपने दिल में अच्छी भावना ला कर तुमने उसकी सेवा की ,इससे उसका हृदय परिवर्तन हो गया और तुम्हारे प्रति उसका वैर भाव भूल गया। जीवन के इस रहस्य को जानकर राजा महात्मा के सामने नतमस्तक हो गए।

प्रश्न -1- किस के मन में कुछ प्रश्न थे?

*राजा सुषेण के मन में √   * महात्मा के मन में

*मंत्री के मन में   * सैनिक के मन में

प्रश्न -2- “अभी मेरे पास समय नहीं है। मुझे अपनी वाटिका बनानी है।” किसने कहा था ?

* महात्मा ने कहा √   * व्यक्ति ने कहा   * चोर ने कहा   * किसान ने कहा

प्रश्न -3- गिरकर बेहोश कौन हो गया था?

*घायल व्यक्ति√ * घायल सिपाही * घायल वीर * घायल किसान

प्रश्न -4-घायल व्यक्ति के घाव पर दवाई किसने लगाई थी?

*वैद्य जी ने * डॉक्टर ने * महात्मा जी ने√ * नर्स ने

प्रश्न-5-महात्मा जी के कहने पर किस ने घायल व्यक्ति को क्षमा कर दिया?

*राजा ने √ * सिपाहियों ने * सेनापति ने * न्यायधीश ने

प्रश्न -6- राजा महात्मा से कितने प्रश्न पूछना चाहते थे ?

*दो प्रश्न * तीन प्रश्न√ * चार प्रश्न *पाँच प्रश्न

प्रश्न -7- राजा का पहला प्रश्न क्या था ?

*सबसे उत्तम समय कौन- सा है? √ *सबसे उत्तम फूल कौन- सा है?

*सबसे उत्तम फल कौन- सा है? *सबसे उत्तम पौधा कौन- सा है?

प्रश्न -8 - राजा के तीनों प्रश्न सुनकर,महात्मा क्या बोले?

* 'हे राजन,इन तीनों प्रश्नों के उत्तर तो तुमने पा लिए हैं।√

* 'हे राजन,इन दोनों प्रश्नों के उत्तर तो तुमने पा लिए हैं।

* 'हे राजन,इन प्रश्नों के उत्तर तो तुम्हें नहीं मिलेंगे।

* 'हे राजन,इन प्रश्नों के उत्तर की तुम्हें आवश्यकता नहीं हैं।

प्रश्न -9- सबसे उत्तम समय कौन सा होता है?

*वर्तमान है √ *जो बीत गया है * भविष्य है * खेलकूद का है

प्रश्न -10- राजा महात्मा के सामने नतमस्तक क्यों हो गए थे?

*जीवन के रहस्य को जानकर √ * जीवन के इस दुख को जानकर

*जीवन के इस सुख को जानकर *जीवन के इस प्रश्न को जानकर

****